हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 124 देहरादून, सोमवार, 06 नवंबर, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



राष्ट्रपति भ्रमण कार्यक्रम, डीएम सोनिका ने रेसकोर्स मैदान का निरीक्षण किया 3

# ई-गवर्नेंस से भ्रष्टाचार पर लगेगी रोक : सीएम धामी

## पोर्टल बनाएंगे उत्तराखंड को डिजिटल डेस्टिनेशन : मुख्यमंत्री

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून, 6 नवंबर, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'डिजिटल नवाचार से सुशासन की ओर' के अन्तर्गत सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेन्सी द्वारा निर्मित विभिन्न एप एवं पोर्टल का शुभारम्भ किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न ग्राम प्रधानों को डिजिटल साक्षर बनाने की दिशा में कराये गये प्रशिक्षण के सर्टिफिकेट वितरित किए। मुख्यमंत्री ने सूचना प्रौद्योगिकी विकास एजेन्सी द्वारा निर्मित आई.एफ.एम.एस मोबाइल एप्लीकेशन, ई-पेंशन पोर्टल, सिंगल साइन ऑन (SSO), स्टेट पोर्टल (नवीनीकरण), स्टेट जी.ओ पोर्टल, डी.बी.टी पोर्टल, यू.के विजिटर पास एप, पसारा पोर्टल (PSARA), मुख्यमंत्री जन समर्पण (तहसील दिवस) पोर्टल, मुख्यमंत्री संदर्भ पोर्टल, पी.एम गतिशक्ति उत्तराखंड पोर्टल एवं अपुणी सरकार पोर्टल में अतिरिक्त सेवाओं का शुभारंभ किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने सीएम हेल्पलाइन वर्जन 2.0, सीएम जन समर्पण (तहसील दिवस) पोर्टल, अपुणी सरकार पोर्टल, सीएम संदर्भ पोर्टल, यूके विजिटर एप, पी.एम गतिशक्ति उत्तराखंड पोर्टल, आई.टी.डी.ए CALC ट्रेनिंग, डीबीटी पोर्टल, सिंगल साइन ऑन (SSO), आई.एफ.एम.एस मोबाइल एप्लीकेशन, एवं ई-पेंशन पर आधारित लघु फिल्मों का अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह कार्यक्रम डिजिटल क्षेत्र में नवाचार का दिन है। आज आमजन को सुविधा पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न सेवाओं का सरलीकरण कर उन्हें ऑनलाइन किया जा रहा है। राज्य सरकार द्वारा ऑनलाइन सेवा के क्षेत्र में नित नए कार्य किया जा रहे है। हमारा राज्य डिजिटल के क्षेत्र में एक मॉडल राज्य के रूप में आगे बढ़े इसके लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। डिजिटल क्रांति के क्षेत्र में आज हमारा राज्य निरंतर आगे बड़ रहा है। डिजिटल दौर में अर्थव्यवस्था के साथ जीवन शैली में भी सुधार हुआ है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार ई - गवर्नेंस की मदद से गुड गवर्नेंस और पेपरलेस गवर्नेंस की ओर बढ़ रही है। राज्य में टेक्निकल एजुकेशन एवं ऑनलाइन ट्रेनिंग से भी युवाओं को जोड़ने का कार्य जारी है। राज्य सरकार समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को डिजिटाइजेशन से जोड़कर विकास को आगे बढ़ा रही है। उत्तराखंड राज्य को डिजिटल डेस्टिनेशन के रूप में विकसित किया जा रहा है। राज्य सरकार उत्तराखंड के सीमांत क्षेत्रों में भी नेटवर्क कनेक्टिविटी पर तेजी से कार्य कर रही है।

मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार ने ई गवर्नेंस को प्रमोट करते हुए भ्रष्टाचार पर रोक लगाने का काम किया है। सरकारी कार्यालय में ऑनलाइन प्रणाली लागू होने से भ्रष्टाचार पर बड़ी चोट हुई है। राज्य के प्रत्येक नागरिक में सरलीकरण, समाधान, निस्तारण एवं संतुष्टि का भाव जगा है। राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि आम जन को घर बैठे सरकारी सुविधाओं का लाभ मिले। उन्हें बेवजह सरकारी कार्यालय के चक्कर न काटने पड़े।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में डिजिटल इंडिया के अंतर्गत ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। आज भारत के प्रत्येक क्षेत्र में डिजिटल ट्रांजेक्शन पेमेंट की सुविधा मौजूद है। प्रधानमंत्री जी ने ई गवर्नेंस के माध्यम से गुड गवर्नेंस की राह, संपूर्ण देश को दिखाई है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश और उत्तराखंड राज्य निरंतर विकास की राह पर आगे बढ़ रहा है। आज भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। सचिव शैलेश बगौली ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों पर राज्य के अंतर्गत डिजिटाइजेशन को तीव्र गति के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। आम जन को किसी तरह की दिक्कत ना हो इसके लिए अधिक से अधिक सरकारी सेवाओं को ऑनलाइन किया जा रहा है। उन्होंने कहा 4G सैचुरेशन स्कीम के अंतर्गत उत्तराखंड में 500 से अधिक मोबाइल टावर लगाने का कार्य गतिमान है। 950 सरकारी सेवाओं को सेवा का अधिकार के अंतर्गत लिया गया है। जिसमें से 600 से अधिक सेवाएं ऑनलाइन माध्यम पर मौजूद हैं।




> डिजिटल दौर में अर्थव्यवस्था के साथ जीवन शैली में भी सुधार हुआ : मुख्यमंत्री








मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का मुंबई पहुँचने पर छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, मुंबई में प्रवासी उत्तराखंडियों ने उनका भव्य स्वागत किया।

# उत्तराखंड में होंगे 38वें नेशनल गेम्स

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 06 नवंबर : उत्तराखंड अब खेल भूमि बनने की ओर अग्रसर है। जी हां सबसे बड़ी खबर ये है कि उत्तराखंड में 38वें नेशनल गेम्स होंगे। इसके लिए भारतीय ओलंपिक संघ ने बकायदा उत्तराखंड सरकार को खत भेजा है। उत्तराखंड की खेल मंत्री रेखा आर्य ने ये खुशखबरी अपने सोशल मीडिया पेज पर शेयर की है। देखते ही देखते ये पोस्ट वायरल हो गई है। कुल मिलाकर अब उत्तराखंड में 38वें नेशनल गेम्स होने जा रहे हैं। फिलहाल गोवा में 37वें नेशनल गेम्स हो रहे हैं। भारतीय ओलंपिक संघ ने जो खत भेजा है, उसमें उत्तराखंड सरकार से आग्रह किया गया है कि अपने डेलिगेट्स को गोवा भेजें और 38 वें नेशनल गेम्स के लिए AOA फ्लैग ले जाएं। ये वास्तव में उत्तराखंड के लिए गर्व की बात है।



# हमें 24 घंटे में कितना काम करना चाहिए, कितना आराम ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 6 नवंबर , दुनिया में किसी ऑफिस के कर्मचारियों को कितने घंटे काम करना चाहिए यह हमेशा से ही एक बहस का विषय रहा है. हाल ही में इंफोसिस के मेंटॉर नारायण मूर्ति ने एक बयान दिया है जिसमें उन्होंने कहा की भारत में युवाओं को एक सप्ताह में कम से कम 70 घंटे काम करना चाहिए. मूर्ति के इस बयान ने एक बार फिर से इस बहस को छेड़ दिया है कि आखिर ऑफिस में कितने घंटे काम करना मुफीद या उचित है. एक कर्माचारी को कितने घंटे काम करना चाहिए यह कई कारकों पर निर्भर करता है जिसमें काम के प्रकार से लेकर सेहत और काम की प्रभावोत्पादकता जैसे कई कारक तक शामिल हैं.

**काम के घंटे बढ़ाने का सवाल**

आज की दुनिया में लोगों के लिए कार्य (ऑफिस का कार्य) ही सब कुछ हो गया है. लेकिन कई बार देखा गया है कि अधिकारी, टीम लीडर या बॉस अमूमन अपने अधीनस्थों से संतुष्ट नहीं रहते हैं. लक्ष्य का दवाब उन्हें इस बात पर विचार करने पर मजबूर कर रहा है कि कर्मचारियों के कार्यावधि यानि हफ्ते के घंटों में इजाफा किया जाना चाहिए.

**पहले बहुत अधिक थे कार्य करने के घंटे**

देखा गया है कि कई बार लक्ष्य में पीछे होने के कारण कर्मचारियों को अनाधिकारिक तौर पर अपनी कार्यावधि बढ़ानी पड़ती है. फिलहाल दुनिया भर की कंपनियों में औपचारिक 9 घंटे प्रतिदिन की कार्यावधि है जिससे की पांच दिन के हफ्ते में ये घंटे 45 घंटे हो जाते हैं. लेकिन ये घंटे प्रभावी तौर पर 40 यानी 8 घंटे प्रति दिन ही माने जाते हैं.यह 8 घंटे काम करने की संस्कृति यूं ही पैदा नहीं हुई बल्कि औद्योगिक क्रांति के समय जब कंपनियां अपना उत्पादन बढ़ाने का प्रयास कर रही थीं, तब तो मजदूरों से 10 -16 घंटे प्रतिदिन कार्य कराने का चलन बन चुका था. 19वीं सदी के अंत 8 घंटे दिन की कार्यावधि करने की मांग जोर पकड़ने लगी थी.

**हेनरी फोर्ड ने किया बड़ा बदलाव**

1914 में हेनरी फोर्ड ने अपने कर्मचारियों के लिए दिन के काम करने के घंटे 8 घंटे कर दिए और साथ ही उनके वेतन तक बढ़ा दिया. इसका नतीजा उम्मीद के खिलाफ बहुत ही शानदार रहा और दूसरी कंपनियों ने इसे अपना लिया और 8 घंटा प्रति दिन काम करना एक नियम सा बन गया था.




# खाना खाने के बाद चाय पीना क्यों है नुकसानदायक ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 6 नवंबर , एक्सपर्टस की माने तो चाय पीने का सबसे ज्यादा नुकसान तब होता है जब आप खाना खाने के बाद चाय का सेवन करते हैं। यह तो हम सभी जानते हैं कि चाय में कैफीन पाया जाता है और कैफीन के सेवन से शरीर में कोर्टिसोल या स्टेरॉयड हार्मोन बढ़ता है। इसके बढ़ने से कई तरह की स्वास्थ्य परेशानियां हो सकती हैं। चाय की पत्ती में एसिडिक गुण होते हैं और जब वो भोजन के प्रोटीन के साथ मिलते हैं तो प्रोटीन सख्त हो जाता है, जिस वजह से उसे पचाने में मुश्किल होती है। आज हम अपने पाठकों को यह बताने जा रहे हैं कि खाना खाने के बाद चाय पीने से शरीर को क्या-क्या नुकसान होते हैं। खाने के बाद चाय पीने से शरीर में आयरन की भी कमी हो सकती है।

चाय की पत्ती में होते है एसिडिक गुण




चाय पीने से शरीर प्रोटीन को साथ जरूरी पोषक तत्व अवशोषित नहीं कर पाता है, जिससे आयरन या खून की कमी होने लगती है। चाय में फेनोलिक यौगिक पाया जाता है, यह आयरन को अवशोषित करने में बाधा डालता है। जिससे एनीमिया की समस्या पैदा हो सकती है। जो लोग खाना खाने के बाद चाय पीते हैं उन्हें हाई बीपी यानी हाई ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है। चाय में कैफीन मौजूद होता है, जिसकी वजह से ब्लड प्रेशर बढ़ने की संभावना बनी रहती है। अगर आप पहले से ही हाइपरटेंशन या हाई ब्लड प्रेशर के रोगी हैं, तो खाने के बाद चाय बिल्कुल न पिएं।आप खाना खाने के तुरंत बाद चाय पीते हैं, तो अपनी इस आदत को आज ही छोड़ दें। क्योंकि आपकी यह आदत आपके हृदय को बीमार बना सकती है।

रोजाना दोपहर और रात के खाने के बाद चाय पीने से दिल से संबंधित कई बीमारियां जन्म ले सकते हैं। साथ ही ऐसा करने से दिल की धड़कनें भी तेज हो जाती है। अच्छे जीवन के लिए दिल का स्वस्थ होना बहुत जरूरी होता है। यह हमारे शरीर का एक अहम अंग है।

चाय या कॉफी दिल के लिए नुकसानदेय है। खाना खाने के तुंरत बाद चाय पीने से शरीर का पाचन तंत्र कमजोर हो जाता है, जिससे खाना अच्छे से डायजेस्ट नहीं हो पाता है। इतना ही नहीं ऐसा करने से शरीर के लिए जरूरी पोषक तत्व भी उसे नहीं मिल पाते हैं। चाय में कैफीन की मात्रा अधिक होने से व्यक्ति को गैस, एसिडिटी की समस्या होने लगती है।

भारतीय घरों में दूध की चाय बनाई जाती है और दूध में लगभग 2.8 प्रतिशत लैक्टोज होता है। इस वजह से दूध का स्वाद हल्का मीठा होता है। लैक्टोज में ऐसे गुण होते हैं जो गैस की समस्या पैदा कर सकते हैं। लैक्टोज में मौजूद पोषक तत्व चाय में मौजूद शुगर आसानी से पच नहीं पाते हैं, जिससे पेट में सूजन, सूजन और गैस हो सकती है।

# बेटा पाने के लिए मंदिर में अंडा चढ़ाती है महिलाएं

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 6 नवंबर , देश के अलग अलग हिस्सों में कई ऐसे मंदिर हैं, जिनकी मान्यताओं और पूजा पद्धतियों और विधियों को देखकर हर कोई अचंभित हो जाता है। ऐसी ही एक खास तरह की पूजा पद्धति यूपी के फिरोजाबाद में बने के मंदिर में देखने को मिलती है। बताया जाता है कि इस मंदिर में लोग फूल-मालाओं के साथ-साथ पूड़ी और अंडा चढ़ाते हैं। कहने में थोड़ा अजीब है लेकिन यही सच है। बीते कई सालों से इस मंदिर में इसी चढ़ावे की परंपरा चली आ रही है। इसके साथ ही मान्यता है कि इस मंदिर में महिलाएं अपने के बच्चों स्वस्थ और लंबी उम्र के लिए यहां प्रार्थना करने आती हैं।

**पढ़िए मंदिर में अंडा चढ़ाने की कहानी**

आपको बता दें कि फिरोजाबाद का ये अनोखा मंदिर जिले में बसने वाले गांव बिलहना में स्थापित है और इस मंदिर का नाम नगरसेन बाबा मंदिर है। नगरसेन बाबा के मंदिर में पूजा करने वाले पुजारी महावीर सिंह ने अंडे के चढ़ावे के पीछे की कहानी बताते हुए कहा कि एक बार नगरसेन बाबा अपनी बहनों को बुलाने के लिए गए थे। तभी वापस लौटते समय एक नदी किनारे रहने वाले मसान ने नगरसेन बाबा को नदी में डुबो दिया। इस घटना को देखकर उनकी बहनों को बहुत कष्ट पहुंचा और उन्होंने भी आहत होकर वहीं पर अपने प्राण त्याग दिए। कहा जाता है कि नगरसेन बाबा की बहनें नगरसेन बाबा को खिलाने के लिए अंडे लेकर आई थीं जो कि उन्हें खिला नहीं पाईं, इसके बाद से ही नगरसेन बाबा के बने इस मंदिर में अंडा चढ़ाने की परंपरा चली आ रही है।

**400 साल पुराने मंदिर में बच्चों के लिए पूजा**

नगरसेन मंदिर में पूजा करने वाले राजकुमार ने इस मंदिर के इतिहास को लेकर बताया कि यह नगरसेन बाबा का मंदिर तकरीबन 400 साल पुराना है और यहां पर लोगों को नगरसेन बाबा के चमत्कार देखने को मिलते हैं। इस दौरान यहां पर लोग खासकर महिलाएं अपने बच्चों के स्वस्थ और लंबी उम्र के लिए प्रार्थना करती हैं। इसके साथ ही उन्होंने बता कि वैशाख की अष्टमी तिथि को इस मंदिर पर मेले का एक विशेष आयोजन होता है और इस दौरान लोग नगरसेन बाबा पर अपने बच्चों को रोगों से बचाने की प्रार्थना करते हुए हलवा पूड़ी के साथ-साथ अंडे का चढ़ावा चढ़ाते हैं। उन्होंने बताया कि इस मंदिर में दर्शन करने के लिए सिर्फ क्षेत्रीय फिरोजाबाद के लोग या उत्तर प्रदेश के लोग ही नहीं बल्कि मध्यप्रदेश और दिल्ली समेत आसपास के कई राज्यों से लोग आते हैं।



# वंडरवॉल फाउंडेशन की अनूठी पहल जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाएंगे दीवाली




**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 05 नवंबर। वंडरवॉल फाउंडेशन ने एक अनूठी पहल की शुरुआत की है। महिला सदस्य जरूरतमंद बच्चों के साथ दिवाली मनाएंगी।वंडरवॉल फाउंडेशन की अध्यक्ष याशना बाहरी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके ग्रुप की महिलाओं ने दिवाली पार्टी में यह फैसला लिया है कि वह इस दीवाली पार्टी में इकट्ठे हुए पैसों से एक चैरिटी इवेंट जल्द ही करेंगे जिसमें ऐसे बच्चों के साथ दीवाली मनाई जाएगी जो जरूरतमंद है और उनको बहुत सी सहूलियते नहीं मिल पाती हैं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद बच्चों की बीच जाकर उनके साथ दीवाली मनाना हो सकता है कुछ नया ना हो परंतु उनके चेहरे पर खुशी बिखेरना अपने आप में एक सुकून का एहसास दिलाने वाली चीज है । उनके साथ इस काम में सहयोग करने वालों में स्तुति , डॉक्टर मानसी वैश्य, गरिमा, रुचि दूना, नवरिन , डॉ प्राची कंडवाल , कोमल , सुचिता, कनिका, टोनिया, गुंजन सचदेवा, डॉक्टर सिमिका जैन , सिंपी, बिंदु, अंकित वासन, मिल्की, दीवप्रीत , नेहा चोपड़ा , पवनीत, समीक्षा, परन आहूजा , श्रुति, समीक्षा ,रुचि, प्रियानीत, पारुल, तरन जी आदि शामिल रहे।

# उमंग और उत्साह के साथ हुआ युथोपिया 23 का आगाज़

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 05 नवंबर। यूथोपिया 23 कार्यक्रम का बृहस्पतिवार दो नवंबर को उमंग और उत्साह के साथ आगाज हुआ। जिसमे मुख्यातिथि सिद्धार्थ मिश्रा ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। दीप प्रज्ज्वलन और विश्वविद्यालय की ₹कुलगीत₹ प्रस्तुति हुई।

उत्सव संयोजकों ने छात्रों के जीवन में यूथोपिया के महत्व पर प्रकाश डाला। देहरादून के एक निपुण व्यक्ति सिद्धार्थ शर्मा की उनकी उपलब्धियों के लिए प्रशंसा की गई। जिसमें स्व-विकसित जीआईएस सॉफ्टवेयर प्रस्तुत करना और डीआईटी के इंटर-कॉलेज फेस्ट, ईजीओ का नेतृत्व करना शामिल था। उन्होंने परामर्श, बैंकिंग और साइबर सुरक्षा कार्यक्रमों में विभिन्न पदों पर कार्य किया है।




सिद्धार्थ बोस्टन, मैसाचुसेट्स में रहते हैं और डीआईटी के पूर्व छात्र संघ के अध्यक्ष हैं। यूथोपिया का उद्घाटन दिवस प्रेरणादायक भाषणों और राष्ट्रीय एकता के प्रतीक मनमोहक सांस्कृतिक प्रदर्शनों से भरा था। इस कार्यक्रम में एकोम्बलिस के साथ साझेदारी में एक ₹फैशनिस्टा₹ शोकेस प्रस्तुत किया गया। जिसे डीआईटी विश्वविद्यालय ने जीता। जिसमें आईएमएस और तुलाज भी शामिल थे। आगामी भारत बैस फेस्टिवल होस्टेड बाय प्रसिद्ध जॉनी अर्नेस्ट द्वारा आयोजित और सितारों से सजी रात नकाश अज़ीज के आने के बाद और सज गई।

## राष्ट्रपति के भ्रमण कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया

रुद्रपुर। गोविंद बल्लभ पंत कृषि विश्वविद्यालय में 7 नवम्बर को आयोजित होने वाले दीक्षान्त समारोह में राष्ट्रपति के आगमन पर सुरक्षा के दृष्टिगत संयुक्त रूप से अग्रिम सुरक्षा तालमेल (ए.एस.एल.) संबंधी एक बैठक कृषि महाविद्यालय के सभागार में आयोजित की गयी। बैठक में विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान, जिला अधिकारी उदय राज सिंह के साथ अन्य अधिकारी मंचासीन थे। जिला अधिकारी और कुलपति ने राष्ट्रपति के आगमन की मिनट टू मिनट कार्यक्रम के बारे में विचार विमर्श किया। बैठक में जनपद स्तर से प्रभागीय वनाधिकारी तराई ऊधमसिंह नगर, अपर जिलाधिकारी प्रशासन, निदेशक पन्तनगर एयरपोर्ट, उप जिलाधिकारी रूद्रपुर, मुख्य चिकित्साधिकारी, पन्तनगर विष्वविद्यालय के आयोजक, मुख्य नगर आयुक्त नगर निगम रूद्रपुर, अधिषासी अधिकारी नगर पंचायत नगला, अधीक्षण अभियन्ता लो.नि.वि. रूद्रपुर, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत रूद्रपुर एवं खाद्यय सुरक्षा अधिकारी के अलावा विष्वविद्यालय के कुलसचिव डा. के.पी. रावेरकर आदि थे।

## ब्लॉक के 76 विद्यालयों में एसईएएस सर्वे, 2139 बच्चों ने दी परीक्षा

काशीपुर। शिक्षा विभाग की ओर से सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में पठन-पाठन की गुणवत्ता को जांचने के लिए राज्य शैक्षिक उपलब्धि सर्वेक्षण परीक्षा आयोजित कराई गई।शनिवार को एसईएएस परीक्षा में सितारगंज के 76 विद्यालयों में अध्यनरत कक्षा तीन, छह व नौ के कुल 2139 बच्चों ने भाग लिया। खंड शिक्षा अधिकारी तरुण पंत ने बताया कि स्कूल की स्थिति, शिक्षकों के शिक्षण का तरीका और बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता को परखने के लिए एसईएएस परीक्षा आयोजित कराई गई। उन्होंने बताया कि परीक्षा को संपन्न करने के लिए विभाग की ओर से क्षेत्रीय अन्वेषकों की नियुक्ति की गई थी। शक्तिफार्म के राइजिंग स्टार पब्लिक स्कूल में क्षेत्रीय अन्वेक्षक सुमन ओली और पर्यवेक्षक जगदीश ततराड़ी के निगरानी में कक्षा तीन के 27 बच्चों ने परीक्षा दी। परीक्षा में शामिल हुए बच्चों ने बताया कि उनके विषय और स्कूल से संबंधित काफी रोचक और अच्छे प्रश्न पूछे गए थे।ब्लॉक में एसईएएस परीक्षा को आयोजित करने में हृदेश चौहान, जयंत मंडल, दिनेश सिंह, जशोज मेहता, जितेंद्र सिंह राणा, आदित्य रघुवंशी, अभिषेक चौहान, इम्तियाज अली मुख्य भूमिका में रहे।

# राष्ट्रपति भ्रमण कार्यक्रम, डीएम सोनिका ने रेसकोर्स मैदान का निरीक्षण किया

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

देहरादून 05 नवंबर। महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के भ्रमण कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर डीएम सोनिका ने शनिवार को कार्यक्रम स्थल पुलिस लाईन रेसकोर्स मैदान का निरीक्षण किया। सात नवंबर को राष्ट्रपति तीन दिवसीय उत्तराखंड दौरे के लिए राजधानी देहरादून पहुंचेंगी।व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए डीएम ने अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। डीएम सोनिका ने आवागमन रूट का निरीक्षण करते हुए अधिकारियों को सुगम व्यवस्थाएं बनाने के निर्देश दिए।



कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न व्यवस्था, साफ सफाई, प्रोटोकॉल के अनुसार सीटिंग व्यवस्था बनाने एवं कार्यक्रम स्थल पर समुचित व्यवस्था को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। राष्ट्रपति के आवागम रूट से लेकर कार्यक्रम स्थल तक की जाने वाली सम्पूर्ण व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद बनाने के निर्देश दिए। डीएम ने कार्यक्रम स्थल पर साज सज्जा, रंगरोगन सौंदर्यीकरण कार्य को समय से पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व रामजीशरण शर्मा, पुलिस अधीक्षक यातायात सर्वेश पंवार, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्यूष सिंह, सहित संबंधित विभागों एवं पुलिस के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांग्रेस नेता राहुल गांधी पहुंचे बाबा केदार के द्वार









केदारनाथ धाम में की पूजा अर्चना राहुल गांधी ने पंडा पुरोहितों सहित कई श्रद्धालु से की मुलाक़ात2013 में भी आई आपदा के दौरान राहुल गांधी ने केदारनाथ धाम पहुंचकर लिया था आपदा राहत कार्यों का जायजाराहुल गांधी के दौरे को लेकर कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मथुरा दत्त जोशी ने दी जानकारी तीन दिन तक केदारनाथ धाम में रुकेंगे राहुल गांधी। राहुल गांधी की निजी, आध्यात्मिक और धार्मिक यात्राकेदारनाथ धाम का भी करेंगे अवलोकन पार्टी और राजनीति से सबंधित नहीं है राहुल गांधी की केदारनाथ यात्राराहुल गांधी के केदारनाथ धाम आने से उत्तराखंड को मिलेगा फ़ायदा

## बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने किए बद्रीकेदार के दर्शन

रूद्रप्रयाग। बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री देहरादून में दिव्य दरबार लगाने के बाद आज सुबह बाबा केदार और बदरी विशाल के दर्शनों के लिए केदारनाथ और बदरीनाथ धाम पहुंचे। इस बीच उन्होंने बाबा केदार और बदरी विशाल की विशेष पूजा अर्चना की। इससे पहले श्री बदरी-केदार मंदिर समिति (बीकेटीसी) के सदस्यों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने भी हजारों के रूप में जुटी भीड़ का अभिवादन किया। धाम पहुंचने पर पंडित धीरेंद्र शास्त्री का श्री बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने भव्य स्वागत किया।



पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने सबसे पहले सुबह बाबा केदार के दर्शन किए। उसके बाद वह बदरी विशाल के दर्शनों के लिए बदरीनाथ रवाना हुए। जहां उन्होंने बदरीविशाल के दर्शन किए और धर्मशाला का भूमि पूजन भी किया। इसके बाद उन्होंने मंदिर समिति के लोगों के साथ मुलाकात भी की।उत्तराखंड में पहली बार लगा धीरेंद्र शास्त्री का दिव्य दरबारः गौरतलब है कि बीते दिन बागेश्वर धाम के प्रसिद्ध धीरेंद्र शास्त्री देहरादून पहुंचे। जहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उनकी मां ने सीएम आवास पर उनका भव्य स्वागत किया। इसके बाद धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री देहरादून स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित दिव्य दरबार में पहुंचे। जहां करीब 40 हजार से ज्यादा भक्त मौजूद थे। सुबह 10 बजे से ही परेड ग्राउंड में भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। उत्तराखंड में पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का ये पहला दिव्य दरबार है, जिसमें उत्तराखंड के साथ-साथ अन्य राज्यों से भी श्रद्धालु मौजूद रहे। दिव्य दरबार में आचार्य धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने ऐलान किया कि वह आने वाले समय में उत्तराखंड में 5 दिन लगातार कथा करेंगे। उन्होंने कहा, सौभाग्य है कि आप लोगों ने देवभूमि में जन्म लिया है। दुनिया की कोई भी शक्ति प्रभु हनुमान के सामने टिक नहीं सकती। उन्होंने कहा कि देहरादून में एक दिन का दिव्य दरबार लगा, जो कि बहुत कम समय का था। लेकिन आगे 5 दिन का भव्य दरबार लगाया जाएगा ।

## संक्षिप्त खबरें

### विद्यालयी खेल में नैनीताल जिले को 31 स्वर्ण पदक

हल्द्वानी। देहरादून में एक से चार नवंबर तक आयोजित प्रारंभिक शिक्षा की राज्य स्तरीय विद्यालयी खेल प्रतियोगिता में नैनीताल जिला ओवरऑल चैंपियन बना है। प्रतियोगिता में जिले को 31 स्वर्ण, 19 रजत, 6 कांस्य पदक प्राप्त हुए। जिला खेल समन्वयक पूरन सिंह नयाल ने बताया कि प्रतियोगिता में हरिद्वार जिला दूसरे और मेजबान देहरादून तीसरे स्थान पर रहा। सीईओ जगमोहन सोनी, डीईओ बेसिक नागेंद्र बत्र्वाल आदि ने पदकवीरों को बधाई दी है।

### मटर गली के युवा व्यापारी पंकज गुप्ता का निधन, व्यापारियों में शोक की लहर

हल्द्वानी। मटर गली के युवा व्यापारी पंकज गुप्ता के निधन पर देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ने शोक प्रकट किया। संस्थापक अध्यक्ष हुकम सिंह कुंवर ने गुप्ता के निधन पर शोक प्रकट करते हुए कहा कि हमने एक युवा व्यापारी खो दिया है। इस दौरान दो मिनट का मौन रख कर गुप्ता को विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। यहां देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष अनिल खंडेलवाल, प्रदेश प्रभारी जगमोहन चिलवाल, प्रदेश महामंत्री राजकुमार केसरवानी, महानगर अध्यक्ष अजय कृष्ण गोयल, प्रभारी अतुल गुप्ता, महामंत्री नेत्र बल्लभ जोशी, आफताब हुसैन, घनश्याम वर्मा, डॉक्टर बालम सिंह बिष्ट, केदार पलडिया, बृजमोहन सिजवाली, रमेश जोशी, जगजीत चड्ढा, योगेश कांडपाल, आफताब आलम, राजेश उपाध्याय, सुमित जोशी आदि लोग मौजूद रहे।

### हुतात्मा दिवस पर विहिप कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

हल्द्वानी। विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल ने श्री राम जन्मभूमि आंदोलन में बलिदान हुए हुतात्माओं की याद में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर विहिप कार्यालय कपिलाश्रमी आश्रम पीलीकोठी में लगाया गया। शिविर में बेस अस्पताल के सहयोग से 47 लोगों ने रक्तदान किया। इस मौके पर जोगेंद्र राणा जोगी, धीरेन्द्र शर्मा, उमाकांत उपाध्याय, पीयूष शर्मा, गिरीश पडलिया, नंदकिशोर, गिरीश पांडे रहे।

### पांच लीटर कच्ची शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

हल्द्वानी। वनभूलपुरा थाना पुलिस ने गौला बाईपास रोड से एक युवक को पांच लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम समीर पाशा निवासी जवाहरनगर वार्ड नम्बर 15 वनभूलपुरा बताया। एसओ नीरज भाकुनी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेशी के लिए भेज दिया है।

# उत्तराखंड में काशी की तर्ज पर बनेंगे गंगा कॉरिडोर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ऋषिकेश 06 नवंबर : हरिद्वार और ऋषिकेश प्रदेश में धार्मिक पर्यटन के आधार बनेंगे। इन्हें गंगा कॉरिडोर परियोजना से जोड़ा जाएगा। सरकार और प्रशासन युद्धस्तर पर कार्य करने में जुटा है।जिस तरह काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और उज्जैन का महाकाल कॉरिडोर मशहूर है, उसी तरह भविष्य में उत्तराखंड को गंगा कॉरिडोर के लिए जाना जाएगा। प्रस्तावित परियोजना का काम अगले अर्द्धकुंभ से पहले पूरा कर लिया जाएगा।

उत्तराखंड आवास एवं नगर विकास प्राधिकरण( उडा ) ने इसके लिए मास्टर प्लान तैयार करने की कार्यवाही शुरू कर दी है। परियोजना के माध्यम से हरिद्वार स्थित हर की पैड़ी, भारत माता मंदिर, चंडी देवी, मनसा देवी, कनखल, शांतिकुंज जैसे प्रमुख धार्मिक स्थलों के साथ ऋषिकेश में त्रिवेणी घाट, स्वर्गाश्रम, परमार्थ निकेतन, त्र्यंबकेश्वर मंदिर, लक्ष्मण मंदिर, भरत मंदिर, रामझूला जैसे क्षेत्रों का रि-डेवलपमेंट प्लान बनाया जा रहा है।





परियोजना के लिए हरिद्वार-ऋषिकेश पुनर्विकास कम्पनी लिमिटेड गठित की गई है। इसी साल अर्द्धकुंभ भी प्रस्तावित है, उससे पहले परियोजना पर काम पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मास्टर प्लान बनने के बाद परियोजना का काम तेजी से आगे बढ़ेगा। यह जानकारी सचिव आवास, एसएन पांडेय ने दी। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन युद्धस्तर पर कार्य में जुटे हुए हैं, ताकि गंगा दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो।

# उत्तराखंड रोडवेज कर्मियों को धामी सरकार का दीपावली गिफ्ट

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 06 नवंबर : दिवाली का सीजन उत्तराखंड परिवहन विभाग के लिए कमाई का सीजन होता है। हालांकि त्योहार के दौरान कर्मचारी अक्सर छुट्टी पर रहते हैं। ड्राइवर-परिचालक कई बार एक-एक हफ्ते तक ड्यूटी पर नहीं आते, जिससे बसों का संचालन प्रभावित होता है। इस समस्या को दूर करने के लिए धामी सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। इसके तहत जो भी कर्मचारी त्योहारी सीजन में बिना छुट्टी काम करेंगे, उन्हें प्रोत्साहन योजना के तहत नकद राशि इनाम में दी जाएगी।



प्रोत्साहन की योजना पांच से 15 नवंबर तक यानी कुल 11 दिन लागू रहेगी। इसमें चालक और परिचालकों को निर्धारित किमी पूरे करने होंगे। योजना के तहत मैदानी मार्गों पर चालक एवं परिचालक को इन 10 दिन में 2750 किमी बस संचालन अनिवार्य करना होगा। वहीं, पर्वतीय व मैदानी मिश्रित मार्ग पर निर्धारित 2200 किमी, जबकि पर्वतीय मार्ग पर 1980 किमी बस संचालन करना होगा। चालक-परिचालक को डेढ़-डेढ़ हजार रुपये की धनराशि प्रोत्साहन के रूप में मिलेगी। निगम प्रबंधन ने किमी की बाध्यता से अलग 11 दिन बस संचालन की ड्यूटी करने पर भी डेढ़ हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान करने का निर्णय लिया है।

इतना ही नहीं 11, 12, 13 व 15 नवंबर यानी चार दिन में मैदानी मार्ग पर 1850, मिश्रित मार्ग पर 1400 और पर्वतीय मार्ग पर 1000 किमी बस संचालन करने वाले चालक व परिचालकों को डेढ़ हजार रुपये अतिरिक्त दिए जाएंगे। त्योहारी सीजन में कर्मचारियों की छुट्टी की वजह से अक्सर यात्री परेशान होते हैं। इसलिए परिवहन विभाग ने अपने कर्मियों को ड्यूटी पर लाने और बसों के सुचारू संचालन के लिए प्रोत्साहन राशि देने का फैसला लिया है। बीते दिन परिवहन निगम के महाप्रबंधक दीपक जैन की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किए गए। योजना का फायदा सिर्फ चालक-परिचालक को ही नहीं, बल्कि कार्यशाला व तकनीकी कर्मचारियों को भी मिलेगा। प्रोत्साहन योजना में कार्यशाला के तकनीकी कर्मियों को पूरे 11 दिन ड्यूटी करने पर एक हजार रुपये मिलेंगे।

# देहरादून में 18 नवंबर को लगेगा रोजगार मेला, मौके पर मिलेगी जॉब

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 06 नवंबर : रोजगार की तलाश में हैं तो ये खबर आपके काम की है। प्रदेश में समय-समय पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है, जिनके माध्यम से युवाओं को रोजगार मुहैया कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जल्द ही देहरादून में रोजगार मेला लगने वाला है। बेरोजगार युवाओं के लिए यह रोजगार पाने का शानदार मौका है। रोजगार मेले के माध्यम से बेरोजगार युवाओं को नौकरी उपलब्ध कराई जाएगी।




रोजगार मेला कब और कहां आयोजित किया जाएगा, ये जानने के लिए हमारे साथ बने रहें। रोजगार मेले का आयोजन 18 नवंबर को होना है। यह मेला क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय देहरादून में आयोजित किया जाएगा। इस मेले में फार्मा, मैन्युफैक्चरिंग, सेल्स, बैंकिंग,सिक्योरिटी सेक्टर से जुड़ीं तमाम कंपनियां हिस्सा लेंगी। रोजगार मेले में पहुंचने वाले युवाओं को इंटरव्यू के जरिए नौकरी दी जाएगी। एक और बात का ध्यान रखें, रोजगार मेले में शामिल होना चाहते हैं तो क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय में रजिस्ट्रेशन जरूर करा लें। दून में होने जा रहे रोजगार मेले में बड़ी संख्या में युवाओं के पहुंचने की उम्मीद है। अगर आप भी जॉब की तलाश में हैं तो इस मौके को हाथ से जाने न दें। रोजगार मेले में हिस्सा लें और सीधी भर्ती के जरिए रोजगार पाएं। इस खबर को ज्यादा से ज्यादा लोगों संग शेयर करें ताकि उन्हें भी रोजगार मेले संबंधी जानकारी मिल सके।

## संक्षिप्त खबरें

### सडक़ दुर्घटना में एक युवती की मौत

देहरादून। सडक़ दुर्घटना में एक युवती की मौत हो गयी जबकि एक युवती घायल हो गयी। घायल युवती को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रविवार को तडक़े थाना डालनवाला पर कंट्रोल रूम के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि मोहनी रोड कट के पास स्कूटी सवार दो महिलाओं को अज्ञात ट्रक द्वारा टक्कर मार दी गई है। उक्त सूचना पर डालनवाला पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो स्कूटी चालक हेमा धर्मशक्तू पुत्री दिलीप धर्मशक्त निवासी डीएल रोड नियर मठ मंदिर देहरादून उम्र 30 वर्ष तथा स्कूटी की पिछली सीट पर बैठी लडक़ी का नाम सपना पुत्री लक्ष्मण बिष्ट हाल पता 3 ओल्ड सर्वे रोड देहरादून मूल पता ग्राम ग्वाड थापली रुद्रप्रयाग उम्र 22 वर्ष ज्ञात हुआ। दुर्घटना में स्कूटी की पिछली सीट पर बैठी हुए लडक़ी की मौके पर ही मृत्यु हो गयी तथा स्कूटी चालक के सामान्य चोटें आयी थी। मृतका के शव को 108 के माध्यम से कोरोनेशन अस्पताल ले जाकर मोर्चरी में रखवाया गया तथा स्कूटी चालक को प्राथमिक उपचार हेतु कोरोनेशन अस्पताल ले जाया गया। मृतका का पंचायतनामा तथा पोस्टमार्टम की कार्यवाही की जा रही है तथा अज्ञात ट्रक की तलाश की जा रही है।

### खाई में गिरा पिकअप, एक की मौत

नई टिहरी। पर्वतीय अंचलों पर सडक़ हादसे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। वहीं देर रात तोताघाटी के पास सडक़ हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घायल को इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। बताया जा रहा है कि पिकअप वाहन श्रीनगर से देहरादून जा रहा था।गहरी खाई में गिरा पिकअप वाहनः गौर हो कि पौड़ी जिले के तोताघाटी के पास बीती रात एक वाहन हादसे का शिकार हो गया। पिकअप यूके 09 सीए 0528 श्रीनगर से देहरादून जा रहा था, जो तोताघाटी के पास गहरी खाई मे गिर गया। हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं घायल को इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जिसके बाद पुलिस और एसडीआरएफ की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान चलाया। हादसे में एक व्यक्ति गंभीर घायलः बताया जा रहा है कि पिकअप वाहन में दो लोग सवार थे। हादसे में हेल्पर दिनेश चौधरी ( 40 ) निवासी विकासनगर देहरादून की मौके पर मौत हो गई, जबकि वाहन चालक देव सिंह पुत्र मोहन, निवासी बादामवाला विकासनगर देहरादून घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने घायल को खाई से रेस्क्यू कर एम्स ऋषिकेश भेजा, जहां उसकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है।

### ब्रेस्ट कैंसर की जागरूकता को निकाली रैली

हल्द्वानी। शहर में डॉक्टर ने रैली निकालकर लोगों को इस पूर्वी कैंसर को लेकर जागरूक किया। रविवार को दी हल्द्वानी ऑब्स्टेट्रिक एंड गायनेकोलॉजिकल सोसाइटीज के बैनर तले निकाल रैली को सिटी मजिस्ट्रेट रिचा सिंह ने हरी झंडी दिखाई। इस दौरान सीएमओ नैनीताल डॉ भागीरथी जोशी वह वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ आरके खुराना ने महिलाओं में हिस्ट्री कैंसर को लेकर ज्यादा से ज्यादा जागरूकता पर जोर दिया। वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं को 20 साल की उम्र के बाद लगातार ब्रेस्ट कैंसर को लेकर अपनी समय-समय पर जांच करती रहने चाहिए ताकि किसी भी बीमारी का समय से पता लगने पर इलाज शुरू हो सके। इस दौरान डॉ जय श्री तिवारी विभिन्न अस्पताल की डॉक्टर मौजूद रही।

जल्द शुरू होगी पिथौरागढ़ विमान सेवाः सीएम

हल्द्वानी। सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि उड़ान योजना के तहत पिथौरागढ़ के लिए हवाई सेवा की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। एयरलाइंस को इसके लिए लाइसेंस दिए जाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। सीएम धामी ने शनिवार को पिथौरागढ़ विधायक मयूख महर को फोन कर बताया कि राज्य सरकार पिथौरागढ़ के लिए फ्लाइट चलाने की योजना पर गंभीरता से काम कर रही है। इसके लिए एक एयरलाइन ने सहमति भी दे दी है। अब लाइसेंस की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। राज्य सरकार लगातार इसकी समीक्षा कर रही है। इसी तरह बेस हॉस्पिटल की सारी व्यस्थाओं को ठीक करने के लिए भी प्रयास किए जा रहे हैं। हॉस्पिटल को निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के साथ संबद्ध किया जाना है। मेडिकल कॉलेज के लिए पदों की स्वीकृति और नियुक्ति की कार्यवाही की जा रही है।

# स्वागती पद के लिए मुख्यमंत्री ने 8 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून। उत्तराखंड में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों को जल्द से जल्द नियुक्ति दिए जाने के प्रयास हो रहे हैं। इस कड़ी में राज्य सम्पत्ति विभाग के अंतर्गत स्वागती पद के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 8 अभ्यर्थियों को आज नियुक्ति पत्र सौंपे। इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि आने वाले समय में सभी अभ्यर्थी राज्य के विभिन्न अतिथि गृहों में सेवाएं देंगे। स्वागती के पद पर रहते हुए उन पर सरल और सौम्य व्यवहार के साथ पर्यटकों का स्वागत करने की जिम्मेदारी होगी।सीएम पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय में 8 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए हैं।

यह सभी अभ्यर्थी राज्य संपत्ति विभाग में स्वागती पद के लिए चयनित हुए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इन सभी अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देते हुए इन्हें बधाई देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अभ्यर्थियों को राज्य के विकास के लिए अपने काम को बेहतर तरीके से करने के लिए कहा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में सभी अभ्यर्थी राज्य के विभिन्न अतिथि गृहों में सेवाएं देंगे। स्वागती के पद पर रहते हुए उन पर सरल और सौम्य व्यवहार के साथ पर्यटकों का स्वागत करने की जिम्मेदारी होगी। इस दौरान पर्यटकों के साथ बेहतर तालमेल और उन्हें फील गुड कराकर राज्य में आने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। उत्तराखंड के लिए पर्यटन सबसे खास सेक्टर है और इस सेक्टर में हर व्यक्ति की अपनी एक अहम भूमिका है।

लिहाजा नए अभ्यर्थियों को भी अपनी इस भूमिका का निर्वहन करना होगा। उत्तराखंड सरकार राज्य में रिक्त पदों को तेजी से भरने के निर्देश विभागों को देती रही है। इसके लिए आयोग में विभागों द्वारा अधियाचन भेजे जाने की प्रक्रिया भी चलाई जा रही है। जिससे खाली पदों को जल्द से जल्द भरा जा सके। इस दौरान सरकार अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र देने के लिए भी विशेष कार्यक्रम आयोजित कर रही है, ताकि विभागों में भरे जा रहे पदों को लेकर राजनीतिक संदेश भी दिया जा सके। इससे पहले भी विभिन्न विभागों के अंतर्गत सैकड़ों युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जा चुके हैं और



प्रतियोगी परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी खुद अपने हाथों से नियुक्ति पत्र सौंप रहे हैं। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग और अधीनस्थ सेवा चयन आयोग में भी 1 साल के भीतर होने वाली परीक्षाओं का कैलेंडर जारी किया गया है जिसमें बड़ी संख्या में तेजी से प्रतियोगी परीक्षाएं कराकर ज्यादा से ज्यादा खाली पदों को भरा जा सके और इससे बेरोजगार युवाओं को भी रोजगार मिल सके।

# रुड़की में सेना का फर्जी सूबेदार गिरफ्तार, मिले कई फर्जी कागजात

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

उत्तराखंड 06 नवंबर : उत्तराखंड का रुड़की शहर यहां पुलिस क्षेत्राधिकारी दफ्तर के बाहर एक युवक खुद को फौजी बताकर पुलिसकर्मियों से झगड़ा कर रहा था। बात बढ़ती गई तो पुलिस ने इंटेलिजेंस, सेना पुलिस और बंगाल इंजीनियरिंग ग्रुप सेंटर के अधिकारियों को मौके पर बुला लिया। सेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे तो युवक सन्न रह गया। सख्ती से पूछताछ की गई तो पता चला कि युवक फर्जी फौजी बनकर घूम रहा था। उसके पास से फर्जी आई कार्ड और 22 लाख का चेक भी मिला है।

फिलहाल पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। जानकारी के मुताबिक खुद को फौजी बता रहा युवक पुलिसकर्मियों से लड़ रहा था, जिस पर पुलिस को उस पर शक हो गया। पुलिसकर्मियों ने शक होने पर आरोपी को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ की तो वो बार-बार कहानियां बदलता रहा। उसके पास से सेना का फर्जी आई कार्ड, कैंटीन कार्ड, सेना के अन्य दस्तावेज एवं सूबेदार रैंक के स्टार व सेना की वर्दी आदि मिली है। बैग से 22 लाख का चेक और सेना के छुट्टी संबंधी दस्तावेज भी बरामद किए गए।

आरोपी युवक का नाम आदेश कुमार है, वो यूपी के सहारनपुर में आने वाले आभा गांव का रहने वाला है। आरोपी गागलहेड़ी सहारनपुर की एक फाइनेंस कंपनी में काम करता है। यहां आपको ये भी जानना चाहिए कि आभा गांव वही गांव है, जहां से राज्य लोक सेवा आयोग की भर्ती परीक्षा में पेपर लीक कांड का एक आरोपी पकड़ा गया है। फिलहाल फर्जी फौजी बनकर घूम रहा युवक पुलिस की हिरासत में है। उसने बताया कि सेना के आईकार्ड से उसको काफी मदद मिलती है, हालांकि पुलिस उसका असली मकसद जानने का प्रयास कर रही है। आरोपी का चालान किया गया है। मामले की जांच जारी है।







# बिना बीवी के बीत रही उम्र, शादी करवाईए डीएम सर !


न्यूज वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 6 नवंबर , विधानसभा चुनाव 2023 को पूर्ण कराने के लिए प्रदेश में शिक्षा विभाग से लेकर अन्य शासकीय विभागों के कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। इन कर्मचारियों को अपनी ड्यूटी ठीक से करने के लिए ट्रेनिंग भी दी जाती है। इस ट्रेनिंग में जो कर्मचारी नहीं पहुंचता है। उसे सीधे कलेक्टर द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया जाता है।

मध्यप्रदेश के सतना जिले के शासकीय उमावि महुहर के टीचर अखिलेश कुमार तिवारी को 16 अक्टूबर को रामपुर बघेलान में प्रशिक्षण के लिए उपस्थित होना था। उनकी ड्यूटी मतदान अधिकारी 1 के रूप में लगाई गई थी। लेकिन वे प्रशिक्षण लेने के लिए नहीं पहुंचे। इस घोर लापरवाही के लिए उन्हें कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी सतना द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। इस नोटिस का जबाव उन्होंने ऐसा दिया कि हर कोई टीचर की निंदा कर रहा है। इसके बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

टीचर अखिलेश कुमार ने ट्रेनिंग में नहीं पहुंचने के जवाब में लिखा- मेरी पूरी उम्र बिना बीवी के बीत रही है। पहले मेरी शादी करवाईए, दहेज 35 लाख रुपए लूंगा, रीवा में सिंगरोली टावर या समदडिया में एक फ्लेट लोन करवाईये, उन्होंने लिखा नौकरी लगने के बाद मेरा हाथ तोड़ दिया गया है। बैक बोन भी काम नहीं करती है। स्कूल में बच्चों की अंकसूची में कक्षा अध्यापक की जगह भी दूसरे शिक्षक से हस्ताक्षर करवा लिए जाते हैं। संविलियन के बाद भी एरियर का भुगतान नहीं हुआ है। मेरा सारा भौतिक सुख का सामान एक रिटायर इंजीनियर ने जब्त कर लिया है।





# अतिक्रमण हटाने पहुंची सिटी मजिस्ट्रेट का घेराव पुलिस से धक्का मुक्की

हल्द्वानी। कालू साइ मंदिर के सामने स्थित चौक बाजार में रविवार को दोपहर 12 बजे सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह और सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट टीम के साथ अतिक्रमण हटाने पहुंचे थे। इस दौरान व्यापारियों ने हंगामा शुरू कर दिया और सिटी मजिस्ट्रेट का घेराव कर लिया। करीब 1 घंटे तक सिटी मजिस्ट्रेट और निगम की गाड़ी को आगे नहीं बढने दिया गया। वहीं व्यापारियों ने निगम की टीम में शामिल कर्मचारियों को गुंडा तक की संज्ञा दे दी। कहा कि आपके गुंडे दुकान में घुसकर व्यापारियों को लूट रहे हैं। इसी दौरान सिटी मजिस्ट्रेट लगातार समझाने का प्रयास करती रहीं लेकिन व्यापारी नहीं माने। वहीं व्यापारियों ने बाजार बंद का ऐलान कर दिया। इसी बीच व्यापारियों ने जबरन नगर निगम की गाड़ी से सामान उतारना शुरू कर दिया। जब पुलिस ने रोकने की कोशिश की तो उनके साथ भी धक्का मुक्की हुई। काफी देर तक बहसबाजी चली लेकिन कोई हल नहीं निकला। दोपहर 2 बजे तक व्यापारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट और निगम की टीम को बाजार से हटने ही नहीं दिया।।

## व्यापारियों ने किया लक्ष्य सेन का स्वागत

हल्द्वानी। प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिला नैनीताल ने बैडमिंटन के अंतराष्ट्रीय खिलाड़ी लक्ष्य सेन का हल्द्वानी आगमन पर भव्य स्वागत किया। उनके साथ पहुंचे अंतरराष्ट्रीय कोच डीके सेन को भी बुके देकर सम्मानित किया। संगठन के प्रदेशाध्यक्ष नवीन वर्मा ने कहा कि लक्ष्य ने देश विदेशों में अपनी प्रतिभा से उत्तराखंड का नाम रोशन किया और साथ में उनके अंतरष्ट्रीय कोच और पिता डीके सेन ने भी उत्तराखंड का नाम देश विदेशों तक पहुँचाया है। यहां प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रशेखर पंत, जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता, जिला महामंत्री हर्षवद्र्धन पांडे आदि मौजूद रहे।

## कृषक रथ महोत्सव में किसानों को दी जानकारी

हल्द्वानी। लामाचौड खास के न्याय पंचायत गुनीपुर जीवानंद में कृषक रथ महोत्सव का आयोजन प्रगतिशील कृषक श्री चंदन सिंह लटवाल की अध्यक्षता में किया गया। रथ प्रभारी ऋतु कुकरेती ने इस दौरान कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की किसानो को जानकारी दी । पशुपालन विभाग की डॉक्टर कमला बोरा ने पशुओं के रोगों के निदान के बारे में बताया एवं पशुओं के टीकाकरण व बीमा आवश्यक रूप से करने को कहा।

# विजेता दून पुलिस टीम का एसएसपी अजय सिंह ने बढ़ाया हौसला

## 23वीं प्रादेशिक अंतर जनपदीय पुलिस प्रतियोगिता में वालीबॉल व योगा स्पर्धा में प्रथम रही दून टीम

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 05 नवंबर। 29 अक्तूबर से 01 नवंबर तक 46वीं वाहिनी पीएसी में आयोजित 23वीं प्रादेशिक अंतर जनपदीय पुलिस प्रतियोगिता में दून पुलिस टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। दून पुलिस टीम ने वॉलीबाल, योगा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। शनिवार को एसएसपी अजय सिंह ने विजेता टीमों के खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। एसएसपी अजय सिंह ने प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली देहरादून की वॉलीबॉल तथा योगा टीम की प्रशंसा करते हुए सुनहरे भविष्य की कामना की।

4 दिन तक चली प्रतियोगिता में विभिन्न जनपदों, वाहिनी, जीआरपी की 17 टीमों द्वारा प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में जनपद देहरादून की वॉलीबॉल तथा योगा टीम द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में जनपद देहरादून की टीम द्वारा अपने दबदबे को कायम रखते हुए लगातार 10वीं बार विजेता ट्रॉफी पर अपना कब्जा किया गया।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली वॉलीबॉल टीम - हे.कां. पंकज कुमार, हे.कां. महेश रजवार, कां. प्रशांत कुमार, कां. विकास कुमार, कां, भरतवीर, कां, सोवत भंडारी, कां. अमित कुमार, कां. विक्रांत, कॉ. राजकुमार, कां. मोहित राठी, कां. मनीष तोमर। योगा टीमः में हे.का. विनय भारद्वाज प्रथम स्थान, उ.नि. कुलजीत सिंह द्वितीय स्थान।



## शक्तिफार्म की प्रतीक्षा नंदी को मिला होम्यो गौरव अवॉर्ड

रुद्रपुर। ग्रामसभा गुरुग्राम निवासी प्रतीक्षा नंदी को होम्यो गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया। शनिवार को आयुष मेडिकल एसोसिएशन की ओर से नेशनल होमियोपैथिक साइंटिफिक सेमिनार का आयोजन किया गया। जहां केंट होम्योपैथिक लैबोरेट्री के मैनेजिंग डायरेक्टर उत्पल कुमार ने प्रतीक्षा नदी को होम्यो गौरव अवार्ड से सम्मानित किया। प्रतीक्षा पेशे से डॉक्टर है। उन्होंने बीएचएमएस के बाद एमडी की डिग्री हासिल की है। और वहां क्लीनिकल डर्मेटोलॉजिस्ट में स्पेशलाइज्ड है।

## लंढौरा मंगलौर मार्ग पर लोडिंग वाहनों रोक लगाने की मांग

रुडक़ी । जैनपुर झंझेड़ी के लोगों ने लंढौरा मंगलौर पर लोडिंग से भरे वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि तीन दिन के सडक़ हादसों में तीन की मौत हो चुकी है। लंढौरा में एक नवंबर को काली मंदिर मोड़ पर ट्रैक्टर ट्रॉली की टक्कर से बाइक सवार 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई थी, जबकि दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

## संपादकीय

# जारी रहेगा मुफ्त अनाज

देश के 80 करोड़ से अधिक गरीबों को 5 किलो मुफ्त अनाज अब आगामी 5 सालों तक भी मिलता रहेगा। खुद प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ चुनाव प्रचार के दौरान इसकी घोषणा की है। यह योजना राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत है और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का भी हिस्सा है। यह योजना कोरोना वैश्विक महामारी के दौरान मात्र तीन माह के लिए लागू की गई थी, लेकिन लगातार छठी बार इसकी समय-सीमा बढ़ाई गई है। संयोग है अथवा राजनीति है कि जब भी मुफ्त अनाज बांटने की अवधि बढ़ाई गई, तब कोई न कोई चुनाव सामने होता था। प्रधानमंत्री और भाजपा ने इसी योजना के जरिए एक ऐसा लाभार्थी वर्ग तैयार कर लिया है, जो उनके पक्ष में ही वोट डालता है। दूसरी योजनाओं की भी लाभार्थी-भूमिका पुख्ता की जा रही है। दरअसल इसी साल जनवरी, 2023 में मुफ्त अनाज की अवधि बढ़ाई गई, क्योंकि मई में कर्नाटक विधानसभा चुनाव थे। दिसंबर, 2021 में अवधि बढ़ाई गई, क्योंकि फरवरी, 2022 से पंजाब, उप्र, उत्तराखंड, गोवा, मणिपुर में विधानसभा चुनाव होने थे। पंजाब छोड़ कर भाजपा शेष सभी राज्यों में विजयी हुई और सरकारें बनाईं। नवम्बर, 2020 में मुफ्त अनाज बांटने की अवधि जून, 2021 तक की गई थी, क्योंकि मार्च-अप्रैल, 2021 में बंगाल, असम, केरल, तमिलनाडु, पुडुचेरी में चुनाव थे। भाजपा बंगाल, केरल, तमिलनाडु सरीखे बड़े राज्यों में पराजित हुई। हर चुनाव से पहले इस योजना की घोषणा करना क्या 'आचार संहिता का उल्लंघन' नहीं है? चूंकि योजना 2020 से निरंतर जारी है, लिहाजा प्रधानमंत्री किसी भी मौके पर समय-सीमा में बढ़ोतरी की घोषणा करने को स्वतंत्र हैं? बेशक यह योजना 'राष्ट्रीय' है, लेकिन चुनाव वाले क्षेत्रों में औसत मतदाता एक हद तक प्रभावित तो होते हैं। बहरहाल इन सवालों पर तो चुनाव आयोग मंथन करेगा और जरूरी महसूस हुआ, तो देश को भी बताएगा। दरअसल राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून में अनाज मुहैया कराने के कई प्रावधान हैं। मकसद है कि कोई भी नागरिक भूखा न सोने पाए। इसका भी एक ईमानदार सर्वेक्षण किया जाना चाहिए। गरीबी-रेखा के नीचे वाले वर्ग को हर महीने 5 किलो अनाज प्रति पारिवारिक सदस्य सबसिडी दरों पर आवंटित किया जाता है। उसके अतिरिक्त यह 5 किलो मुफ्त अनाज माहवार मुहैया कराया जाता है। इसमें गेहूं, चावल, एक किलो दाल या चना, नमक आदि होता है। इस खाद्यान्न पर भी भारत सरकार लाखों करोड़ रुपए की सबसिडी खर्च कर चुकी है। सरकार के शीर्ष प्रशासनिक अधिकारी प्रधानमंत्री मोदी को अर्थव्यवस्था के प्रति आगाह कर चुके हैं। उसके बावजूद इस बार पूरे 5 साल के लिए मुफ्त अनाज की अवधि बढ़ा दी गई है। इससे प्रति वर्ष 2 लाख करोड़ रुपए की अतिरिक्त सबसिडी का बोझ बढ़ेगा। प्रधानमंत्री गरीबों के कल्याण और हर पेट को खाने की तुलना में सबसिडी को क्षुद्र मानते हैं। यह खर्च आगामी वित्त वर्ष के बजट में जोड़ा जाएगा। यह ऐसा मुद्दा है, जिस पर विपक्ष और बौद्धिक वर्ग सवाल तो करते हैं, लेकिन जमकर विरोध नहीं कर पाते, क्योंकि यह 80 करोड़ से अधिक नागरिकों की भूख और खाद्यान्न से जुड़ा मुद्दा है।

दैनिक न्यूज़ वायरस
**संपादक :** मौ.सलीम सैफी, **कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002, **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094
**Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com
**Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus
**न्याय क्षेत्राधिकार :** जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## इंवेस्टर्स समिट प्रदेश के विकास में मील का पत्थर साबित होगी: डॉ. भसीन

विकासनगर। भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक जिलों में प्रदेश प्रवक्ताओं की ओर से केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियों की जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में रविवार को प्रदेश प्रवक्ता डॉ. देवेंद्र भसीन ने विकासनगर में कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के सतत प्रयासों से नए विकसित उत्तराखंड का आविर्भाव हो रहा है। लेहमन पुल स्थित एक होटल में मीडिया से रूबरू होते हुए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि दिसंबर माह में प्रस्तावित ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट उत्तराखंड के विकास में मील का पत्थर साबित होगी। वर्ष 2025 तक उत्तराखंड को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डबल इंजन की सरकार इसी लक्ष्य को प्राथमिकता मानते हुए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार के विकास कार्य धरातल पर शत प्रतिशत दिखाई दे रहे हैं। इंवेस्टर्स समिट ऐतिहासिक साबित होगी, इसकी सफलता के संकेत अभी से मिलने लगे हैं। समिट के लिए तैयार की गई योजना के अनुरूप देश, विदेश के निवेशकों द्वारा उत्तराखंड में ढाई लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा गया। मुख्यमंत्री ने लंदन, दुबई, यूएई और अपने देश में नई दिल्ली, बेंगलुरु, अहमदाबाद आदि महानगरों में किए गए रोड शो में 94 हज़ार करोड़ के एमओयू हुए, जो तय लक्ष्य से तीन गुना से अधिक हैं। डॉ. भसीन ने कहा कि रोड शो के माध्यम से एक ओर जहां उन्होंने निवेशकों को उत्तराखंड में संभावनाओं, सरकार की नई नीतियों, प्रक्रिया के सरलीकरण और सुविधाओं की जानकारी दी गई, वहीं उत्तराखंड मूल के निवेशकों से भी मुलाक़ात कर उनसे भी उत्तराखंड में उद्योग लगाने का अनुरोध किया।

## घर-घर संपर्क साध रहे प्रत्याशी

विकासनगर। छात्र संघ चुनाव को लेकर सरगर्मियां चरम पर पहुंच गई हैं। रविवार को प्रत्याशियों ने घर घर संपर्क साध कर अपने पक्ष में वोट मांगे। इसके साथ ही प्रत्याशी सोशल मीडिया पर अपनी प्राथमिकताओं को गिनाने का अभियान भी चला रहे हैं। छात्र संघ चुनाव में खड़े प्रत्याशी अब आम छात्र-छात्राओं के घर-घर पहुंचकर वोटों के लिए मनुहार कर रहे हैं। इसके लिए अब प्रत्याशी अपने समर्थकों के साथ गांवों तक दौड़ लगा रहे हैं। वहीं शहर की कॉलोनियों में किराए पर रह रहे छात्रों से सम्पर्क साध रहे हैं। सोशल मीडिया से भी प्रचार-प्रचार किया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को उत्तराधिकारियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये

विकासनगर। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के उत्तराधिकारियों ने नवंबर माह के प्रथम रविवार को तिकोना पार्क स्थित शहीद स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को श्रद्धासुमन अर्पित किये। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों उत्तराधिकारियों ने सरकार पर उपेक्षा का आरोप लगाया। कहा कि सरकार ने बड़े बड़े दावे किये, लेकिन एक भी वायदा पूरा नहीं किया। तिकोना पार्क स्थित शहीद स्थल पर उत्तराधिकारियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर अपने पूर्वजों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारियों ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव पर सरकार ने बड़े-बड़े दावे किये थे, लेकिन आज हकीकत सबके सामने है। कहा कि उत्तराधिकारियों में सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैये से काफी निराशा है। कहा कि वे शासन प्रशासन से सवाल पूछते हैं कि क्या यही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के सपने का भारत हैं। जहां वायदे तो बड़े किये जाते हैं, लेकिन जब वायदे पूरा करने की बात आती है तो सारे वायदे झूठे साबित हो जाने से उन्हें हर बार निराशा ही हाथ लगती है। कहा कि प्रशासन को स्वतंत्रा संग्राम सेनानियों के शहीद स्थल तक की स्वच्छता का ध्यान नहीं है। कहा कि एक तरफ स्वच्छ भारत का नारा दिया जा रहा है। दूसरी तरफ स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के शहीद स्थल पर चारों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। संगठन ने केंद्र सरकार वायदों को पूरा करने की मांग की है। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में सोमेंद्र प्रकाश टंडन, विनोद मित्तल, अमृतलाल कश्यप, जगदीश चंद्र, अंश अग्रवाल, कश्मीरी लाल, निकुंश टंडन, शामिल रहे।

### छह माह से सडक़ बंद , भडक़े ग्रामीण

विकासनगर। पश्चिमीवाला में बीते छह माह से पुल निर्माण के कारण सडक़ बंद किए जाने से भडक़े स्थानीय बाशिंदों ने रविवार को प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन कर अपना आक्रोश जताया। लोगों ने पुल निर्माण होने तक वैकल्पिक व्यवस्था कराए जाने की मांग की है। प्रदर्शन कर रहे स्थानीय बाशिंदों ने कहा कि पुल को छह माह पूर्व यातायात हेतु पूर्ण रूप से बंद कर दिया गया था, लेकिन विभाग की गैर जिम्मेदारी की वजह से पुल के निर्माण के संबंध में कोई प्रयास नहीं किए गए। लोगों को चौपहिया वाहन तो दूर, स्कूटर, मोटरसाइकिल आदि से चलना भी भारी पड़ रहा है, उन्हें बगल से कच्ची रोड से होकर गुजरना पड़ रहा है। कहा कि क्षेत्र में कई निर्माण कार्य हो रहे हैं, जिसके लिए निर्माण सामग्री लाने को दस किमी की अतिरिक्त दूरी नापनी पड़ रही है, जिससे आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। बताया कि पुल के दूसरे छोर पर सरकारी विद्यालय, सरकारी अस्पताल है, जिनमें पहुंचने के लिए दस किमी का फेरा लगाना पड़ रहा है। संबंधित विभाग ने पुराने पुल को तोड़ दिया, लेकिन छह माह बीत जाने के बाद भी नए पुल का निर्माण शुरू नहीं कराया गया है। कहा पुल निर्माण होने तक ग्रामीणों के लिए वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था की जानी चाहिए। प्रदर्शन करने वालों अजय ठाकुर, बृजेश गुलेरिया, आकाश पंवार, दिलबाग सिंह, पंकज नौटियाल, नरेंद्र तोमर, राजपाल ठाकुर, अजब किशोर नौटियाल, प्रेम सिंह गुलेरिया, सूर्य प्रकाश शर्मा, सुरेश बेलवाल, कपिल ठाकुर, अजय गुलेरिया, बृजेश कुमार, दान सिंह, सुंदर सिंह, जगदीश, मुन्नालाल, विरेंद्र ठाकुर, कुलदीप, पवन, प्रदीप डोगरा, विरेंद्र चौधरी, अमन शर्मा, प्रेम सिंह आदि शामिल रहे।

### भंद्रौली में  हुआ कृषक महोत्सव आयोजित

विकासनगर। तहसील क्षेत्र अंतर्गत न्याय पंचायत भंद्रौली में रविवार को कृषक रथ के पहुंचने पर कृषक महोत्सव आयोजित किया गया। ग्रामीण काश्तकारों ने गेहूं, साग, सब्जी के बीज, कीटनाशक दवाई, कृषि औजार खरीदे। सहायक कृषि एवं भूमि संरक्षण अधिकारी अरविंद कुमार गौतम ने केंद्र और प्रदेश सरकार की ओर से संचालित योजनाओं की जानकारी दी। बताया कि सरकार मोटे अनाज को महत्व दे रही है। पहली बार मोटे अनाज का समर्थन मूल्य भी निर्धारित किया गया। इसके साथ ही काश्तकारों से मोटा अनाज घर से ही खरीदने की व्यवस्था की गई है, जिससे उन्हें घर बैठे ही अच्छे दाम मिल रहे हैं। एडीओ उद्यान इंदु भूषण कुमोला ने बागवानी संबंधी जानकारी मुहैया कराई। जबकि डॉ. अशोक कुमार ने पशुपालन की जानकारी देने के साथ ही ग्रामीणों के पशुओं का टीकाकरण किया।

# संस्कृत भारती का जनपद संस्कृत सम्मेलन सम्पन्न

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



देहरादून। नगर निगम टाउन हॉल में संस्कृत भारती द्वारा एक दिवसीय जनपद संस्कृत सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में संस्कृत भाषा में निहित ज्ञान, विज्ञान, कला, संस्कृति के सभी विषयों पर चर्चा की गयी। सम्मेलन का उद्‌घाटन टपकेश्वर महादेव मन्दिर के महन्त स्वामी कृष्णा गिरि, आयुर्वेद विद्वान डा विनीश गुप्ता, पार्षद विमल गौड़ और संस्कृतभारती देहरादून के संरक्षक डा सूर्य मोहन भट्ट ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर आर्ष कन्या गुरुकुल की विदुषियों एवं पौधां गुरुकुल के आचार्यों ने नें वेद पारायण किया। वक्ताओं ने संस्कृत भाषा में निहित ज्ञान परम्परा पर व्याख्यान दिये, वक्ताओं ने कहा कि संस्कृत ज्ञान परम्परा भारतीय चिन्तन की पराकाष्ठा है। सम्मेलन में संस्कृत भाषा के प्रोत्साहन के लिए रूपरेखा तप्रस्तुत की गयी।

सम्मेलन में ज्ञान, विज्ञान, कला और संस्कृति पर विचार मंथन किया गया। इस अवसर पर संस्कृत विज्ञान प्रदर्शनी भी आयोजित की गयी। संस्कृत भाषा में निहित विज्ञान के मूल अवधारणाओं के विषय पर पर्दर्शिनी आयोजित की गयी। प्रदर्शिनी में गणित, भूगोल, खगोल, अंतरिक्ष, विज्ञान आदि विषयों पर उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी अनुसंधान परिषद के समन्वय से आयोजित किया गया। तृतीय सत्र में भारतीय कलाओं का प्रदर्शन किया गया। इस संस्कृत सत्र में भारतीय संस्कृति और परंपराओं के विषय में प्रस्तुतिकरण दिया गया। प्रतिभागियों नें भारतीय कलाओं पर आधारित गीत, नृत्य, नाटक आदि शास्त्रीय कलाओं का प्रदर्शन किया। सम्मेलन में देहरादून के विभिन्न संस्थाओं, विश्वविद्यालयों, शोध संस्थानों, विश्वविद्यालयों, महाविद्यालय से शिक्षाविद वैज्ञानिक अनुसंधानकर्ताओं ने भाग लिया। सम्मेलन में 450 प्रतिनिधियों ने आवेदन किया था । सम्मेलन में उत्तराखंड संस्कृत अकादमी हरिद्वार की ओर से संस्कृत व्याख्यान माला कि आयोजन किया गया। अवसर पर वक्ताओं नें कहा कि संस्कृत भारत की आत्मा की भाषा, संस्कृत विश्व में एकता, समन्वय और शांति की भाषा है। यह भाषा भारत का गौरव उसकी संस्कृति और सभ्यता है और संस्कृति का मूल आधार संस्कृत है। यह भाषा वैज्ञानिक भाषा है। अन्य भाषाओं की जननी है। संस्कृत भाषा में सभी प्रकार के ज्ञान का भंडार है। संस्कृत भाषा की पठनीय व्याकरण सर्वमान्य है। वह संस्कृत भाषा ही नहीं, अपितु अन्य भाषा के लिए भी उपयोगी है। वक्ताओं ने कहा कि कई देशों में संस्कृत की उपयोगिता को महत्व दिया जा रहा है?।

संस्कृत प्रदर्शिनी में गणित ज्यामिति, चिकित्सा, आयुर्वेद, पर्यावरण, संस्कार, प्रबंधन सहित ज्ञान विज्ञान पर फलक स्थापित किये गये। संस्कृत भाषा राष्ट्रीय एकता व संस्कृति के दिव्य दर्शन कराने वाली भाषा मानव समाज को जोडऩे का कार्य करती है। सम्मेलन में संस्कृत विषय को सभी विषयों के क्षेत्रों में शामिल करने पर बल दिया। भाषा के रूप में शिक्षा में शामिल करवाने, मेडिकल, टेक्निकल, विधि, विज्ञान केन्द्रीय विद्यालयों सी.बी.एस.सी. आदि शिक्षण संस्थानों में संस्कृत भाषा की शिक्षा अनिवार्य करवाने तथा संस्कृत विद्यालयों, महाविद्यालयों, इण्टर कालेजों और सभी शिक्षण संस्थानों में शीघ्र संस्कृत के पदों का सृजन तथा जो पद सृजित हैं, उन पर नियुक्ति की मांग की।

सम्मेलन में प्रतिभाग संस्कृत गीत पर नृत्य की प्रस्तुति दी। संस्कृत नाटक का मंचन भी किया गयि। इस अवसर पर मुख्य शिक्षा अधिकारी प्रदीप रावत, वैज्ञानिक डा ओम प्रकाश नौटियाल, वरिष्ठ सर्जन डा माधव मैठाणी, संस्कृत के प्राचार्य डा राम मभूषण विजल्वाण, संस्कृत भारती के प्रान्त संगठनमंत्री गौरव शास्त्री संजू प्रसाद ध्यानी, प्रदीप सेमवाल, नागेन्द्र व्यास आदि उपस्थित थे। सञ्जुप्रसाद ध्यानी, प्रान्तगणसदस्यः, नागेन्द्रः व्यासः, विभागसंयोजकः, डॉ. नवीन जसोला, विभागसहसंयोजकः, डॉ. प्रदीप सेमवाल, जनपदमन्त्री, योगेशः कुकरेती, महानगरकोषाध्यक्षः, माधव पौडेलः, महानगरमन्त्री, डॉ आनन्द जोशी, खण्डसंयोजकः डोईवाला, डॉ. राजेश शर्मा, महानगर शिक्षण प्रमुखः, महेश उनियाल, नीतू बलूनी, अनुराधा ध्यानी डॉ. नीतू बलूनी, लक्ष्मी जोशी, कु. शिवानी रमोला, ऋतु जसोला, मती वन्दना सेमवालः, सीमा कुकरेती, मती रिंकी पौडेलः, शिवा शर्मा, भुवनेश्वरी व्यासः, डॉ पवन मिश्रा, नीतीशः मैठाणी, संकेत कौशिकः, धीरज बिष्टः, विकास भट्टः, अजय नौटियाल, डॉ. मोहित बडोनी, सौरभ खण्डूड़ी आदि उपस्थित रहे।

## संस्कृत विवि में छात्र संघ के निर्विरोध अध्यक्ष बने निर्मल

हरिद्वार। उत्तराखंड संस्कृत विश्वविद्यालय में निर्मल थुवाल छात्र संघ के निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं, जबकि सचिव पद पर कार्तिक श्रीवास्तव और उपाध्यक्ष पद पर सीमा यादव का भी निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। रविवार को नाम वापसी के बाद छात्र संघ की पूरी कार्यकारिणी निर्विरोध निर्वाचित की गई है। छात्र संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को कुलपति ने शपथ दिलाई। मुख्य चुनाव अधिकारी हरिश्चंद्र तिवाड़ी ने बताया कि छात्र संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारणी के लिए रविवार को 11 से 1:00 बजे के बीच नामांकन पत्रों की वापसी की गई। नामांकन पत्रों की वापसी के बाद छात्र संघ के अध्यक्ष पद पर निर्मल थुवाल, सचिव पद पर कार्तिक श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष पद पर सीमा यादव, कोषाध्यक्ष पद पर पियूष मालिक, संयुक्त पद पर आशीष जगूड़ी, जबकि विश्वविद्यालय प्रतिनिधि के पद पर अनिकेत चौधरी का निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। मुख्य चुनाव अधिकारी ने बताया कि छात्र संघ की कार्यकारिणी के लिए कमलेश चंद्र जोशी, मयूर उपाध्याय, सोनम बेबी, वैशाली रानी, शिवाकांत शुक्ल और भास्कर गोला को कार्यकारिणी का सदस्य चुना गया है। विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय में छात्र संघ की कार्यकारिणी के सभी चयनित पदाधिकारी के नाम की घोषणा मुख्य चुनाव अधिकारी हरिश्चंद्र तिवारी ने की। कुलपति कार्यालय में छात्र संघ की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर दिनेश चंद्र शास्त्री पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव गिरीश कुमार अवस्थी, प्रो. दिनेश चंद्र चमोला, डॉ. रामरतन खंडेलवाला, डॉ. दामोदर परगांई, डॉ. अरुण मिश्र, डॉ. लक्ष्मी नारायण जोशी आदि विवि के शिक्षक और कर्मचारी मौजूद थे।

## 12931 अभ्यर्थियों ने दी लोक सेवा आयोग की परीक्षा

हरिद्वार। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की मानचित्रकार/मानचित्रक/प्रारूपकार परीक्षा -2023 की लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ प्रकार) का आयोजन दो सत्रों में (पूर्वाह्न 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक एवं अपराह्न 02:00 बजे से सांय 04:00 बजे तक) किया गया। इस परीक्षा में कुल उपस्थिति 12931 रही। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के परीक्षा नियंत्रक अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि इस परीक्षा में कुल 9,588 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। प्रथम सत्र में 6488 अभ्यर्थी उपस्थित तथा 3100 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। प्रथम सत्र में उपस्थित अभ्यर्थियों का कुल प्रतिशत 67.33 है। द्वितीय सत्र में कुल 9,588 अभ्यर्थी पंजीकृत थे। जिनमें 6443 अभ्यर्थी उपस्थित तथा 3145 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। द्वितीय सत्र में उपस्थित अभ्यर्थियों का कुल प्रतिशत 67. 20 है। यह परीक्षा राज्य के नैनीताल (हल्द्वानी), देहरादून एवं हरिद्वार जनपद के 23 परीक्षा केन्द्रों में सम्पन्न हुई।

## गंगोत्री धाम पहुंची पवित्र छड़ी यात्रा

हरिद्वार। श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े की पवित्र छड़ी ने शनिवार को गंगोत्री धाम के दर्शन कर पूजा अर्चना की। नागा संन्यासियों और श्रद्धालुओं के जत्थे के साथ छड़ी के प्रमुख महंत और श्री पंच दशनाम जूना अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहंत प्रेम गिरी के नेतृत्व में गंगोत्री धाम पहुंची पवित्र छड़ी ने सर्वप्रथम मां गंगा की पूजा अर्चना की। तीर्थ पुरोहितों ने विधि विधान व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गंगाजल से अभिषेक कर तिलक, चंदन, पुष्प अर्पित किए। गंगा अभिषेक के पश्चात पवित्र छड़ी मां गंगा के मंदिर पूजा अर्चना के लिए ले जायी गई । मंदिर में पंच मंदिर गंगोत्री समिति के अध्यक्ष हरीश सेमवाल, कोषाध्यक्ष प्रेम कांत सेमवाल, सचिव सुरेश सेमवाल ने तीर्थ यात्रियों और श्रद्धालुओं तथा स्थानीय नागरिकों के साथ पवित्र छड़ी की पूजा अर्चना कर गर्भ गिरी में स्थापित किया। जहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना कर उत्तराखंड के सर्वांगीण विकास का आशीर्वाद मांगा। अखाड़े के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमहंत प्रेमगिरी ने बताया कि जूना अखाड़े की यह पवित्र छड़ी यात्रा उत्तराखंड का भ्रमण करेगी और जनता को जागरूक करेगी। साधु नागा संन्यासियों के जत्थे में छड़ी के महंत श्रीमहंत शिव दत्त गिरी, श्रीमहंत पुष्कराज गिरि, मंत्री श्रीमहंत रंजीतानंद गिरि प्रयाग, महंत दीपक गिरी, श्रीमहंत अजयपुरी मंत्री त्रयम्बकेश्वर, श्री महंत रूद्रानंद गिरी उज्जैन, महंत दीपक गिरी, महंत हरिशानंद गिरि, महंत महेंद्र गिरि, महंत सर्वेश्वरानंद सरस्वती, राजू पूरी आदि शामिल रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### भारत विश्व गुरु बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा

हरिद्वार। देवसंस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज में जी-20 समिट की थीम वसुधैव कुटुम्बकम विषय पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। वरिष्ठ राजनयिक मुक्तेश कुमार परदेशी एवं देवसंस्कृति विवि के कुलपति शरद पारधी, प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर व्याख्यानमाला का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि विदेश मंत्रालय के सचिव मुक्तेश कुमार परदेशी ने कहा कि विगत दिनों में भारत के अलग-अलग शहरों में जी-20 समिट के कार्यक्रम हुए। विश्व के नेताओं ने भारत की प्राचीन संस्कृति एवं आधुनिक सोच को जाना। सभी नेताओं ने स्वीकारा किया कि भारत अब विश्व गुरु बनने की दिशा में मजबूती के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि भारत जिस तरह युवा पीढ़ी की प्रतिभा को विकसित करने और अवसर प्रदान करने की योजना पर कार्य कर रहा है, यह एक दूरगामी परिणाम देने वाला है। इससे पूर्व देवसंस्कृति विवि के प्रतिकुलपति डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने कहा कि भारत में कबीर, गुरु नानक, स्वामी विवेकानंद, अहिल्या बाई होल्कर जैसे अनेक दिव्यात्माओं ने जन्म लिया और भारत को भारत बनाने में अपनी तप साधना के एक-एक अंश की आहुतियां दी। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन का समय है। व्याख्यानमाला के समापन अवसर पर कुलपति शरद पारधी ने सभी का आभार प्रकट किया। इस दौरान देसंविवि द्वारा प्रकाशित इंटरनेशनल जर्नल ऑफ यज्ञ रिचर्स तथा अनाहत पत्रिका के नवीन अंक विमोचन किया गया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति के निजी सचिव सुजीत कुमार सहित विवि के समस्त विभागाध्यक्ष, आचार्य एवं आचार्यां तथा विद्यार्थिगण आदि उपस्थित रहे।

### स्कूटर पर मांस ले जा रहे व्यक्ति को पकड़ा

हरिद्वार। ज्वालापुर क्षेत्र में स्कूटर पर मांस लादकर ले जा रहे एक व्यक्ति को भैरव सेना संगठन के पदाधिकारियों ने पकडक़र पुलिस को सौंप दिया। जबकि एक आरोपी पकड़ से बाहर है। एसआई मनदीप की शिकायत पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। बरामद मांस का सैंपल लेने के बाद उसे नष्ट कर दिया गया। मांस के सैंपल को जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला देहरादून भेजा जाएगा। शनिवार सुबह भैरव सेना संगठन के जिलाध्यक्ष चरणजीत सिंह पाहवा ने अपने समर्थकों के साथ कटहरा बाजार में स्कूटर पर मांस लादकर ले जा रहे एक व्यक्ति को पकड़ लिया। स्कूटर पर करीब 70 किलो मांस लदा था। बातचीत करने पर सामने आया कि बरामद मांस मोहल्ला कस्साबान निवासी के यहां से लाया है और उसे क्षेत्र में सप्लाई करने जा रहा था। संगठन का आरोप है कि बरामद मांस प्रतिबंधित पशु का है। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस मांस ले जा रहे व्यक्ति को अपने साथ पकडक़र कोतवाली ले आई। मांस पकडऩे वालों में विक्की चौहान, अनिल सैनी, सौरभ चौहान, विशु चौहान, दिवाकर वर्मा, विनय कुमार शामिल रहे। इधर, कोतवाली प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि एसआई मनदीप की तरफ से मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी शफाकत अली निवासी घोसियान को गिरफ्तार कर लिया जबकि फरार चल रहे सलीम निवासी मोहल्ला कस्साबान की तलाश की जा रही है।

### जिस्मफरोशी के आरोप में युवतियां-युवक गिरफ्तार

हरिद्वार। ज्वालापुर कोतवाली से कुछ दूरी पर एक घर में संदिग्ध गतिविधियां संचालित करने के आरोप में पकड़ी गई युवतियां और एक युवक जिस्मफरोशी के धंधे से जुड़े थे। हकीकत सामने आने पर ज्वालापुर पुलिस ने उन्हें जिस्मफरोशी कराने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया, जबकि मुख्य आरोपी दंपति अभी पकड़ से बाहर है। रविवार को पुलिस ने युवतियों और युवक को कोर्ट में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। शनिवार को स्थानीय नागरिकों ने एक घर में अवैध गतिविधि संचालित होने पर हंगामा खड़ा कर दिया था। सूचना मिलने पर पहुंची ज्वालापुर पुलिस घर के अंदर मौजूद मिली दो युवतियों और एक युवक को पकडक़र कोतवाली ले आई थी। क्षेत्रवासियों का आरोप था कि घर में जिस्मफरोशी कराई जा रही है। देर शाम गुलसनम अंसारी निवासी पुरानी अनाज मंडी अंसारी मंजिल वाली गली ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कराया था। कोतवाली प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि आरोपी अरशद अली निवासी पुरानी सब्जी मंडी, राधिका निवासी मोहल्ला कड़च्छ और विशाखा चौहान निवासी गली नंबर तीन शास्त्रीनगर को गिरफ्तार कर लिया गया है। मकान स्वामी आरोपी शाहरूम, उसकी पत्नी मीना, बेटी सोनी निवासीगण पुरानी अनाज मंडी की तलाश की जा रही है, जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### पथरी में बुखार से युवक की मौत

हरिद्वार। पथरी क्षेत्र के गांव नसिरपुरकला में बुखार से युवक की मौत के बाद गांव में दहशत का माहौल है। ग्राम प्रधान गुलनाज अंसारी ने बताया कांग्रेस नेता इरशाद अली के कार चालक नवाब निवासी नसिरपुर कला की मौत बुखार के चलते निजी अस्पताल में हुई है। उन्होंने बताया कि गांव में अन्य कई लोग बुखार से पीड़ित हैं, जिनका निजी अस्पताल और घरों में ही उपचार चल रहा है। क्षेत्र में बुखार से कई मौत हो चुकी है बावजूद इसके स्वास्थ्य विभाग की ओर से शिविर तो दूर टीम ने गांव का दौरा तक नहीं किया। प्रधान गुलनाज अंसारी का कहना है कि कई बार अधिकारियों को गांव में टीम भेजने व एक शिविर लगाने की मांग की गई, लेकिन स्थिति जस की तस है। बुखार से पीड़ित लोग निजी अस्पतालों में अपना उपचार कराने को मजबूर हैं। ग्रामीण सजिद अली, जाफिर, हारून, शहजाद, गुल शनव्वर, दिलशाद, राकेश, दीपक, मुनेश, राजबीर, रामकिशोर, सुनील ने बताया कि गांव में अधिकांश लोग बुखार से पीड़ित हैं। स्वास्थ्य विभाग को गांव में शिविर लगाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच करनी चाहिए।

### छह करोड़ के अनुदान के दुरुपयोग का आरोप

हरिद्वार। शिवालिक नगर निवासी अतुल वशिष्ठ ने नगर पालिक शिवालिक नगर पर शासन स्तर से पथ प्रकाश व्यवस्था के लिए उपलब्ध कराए गए छह करोड़ के अनुदान के दुरुपयोग का आरोप लगाया है। अतुल वशिष्ठ ने प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री उत्तराखंड, शहरी विकास मंत्री, प्रमुख सचिव, सचिव शहरी विकास, आयुक्त गढ़वाल, निदेशक शहरी विकास और जिलाधिकारी हरिद्वार को पत्र लिख कर जांच की मांग की है। रविवार को अतुल वशिष्ठ ने आरोप लगाते हुए बताया कि तीन महीने के कार्यों को पूरा करने में संबंधित ठेकेदार ने नौ महीने से ज्यादा का समय लगा दिया है। वर्तमान समय तक कार्य पूरा नहीं हुआ है। आरोप लगाया कि कार्यों का सत्यापन स्थानीय प्रतिनिधियों या सभासदों से नहीं कराया गया है। 3200 सोलर लाइट की खरीद और लाइट को स्थापित करने में बड़ी गड़बड़ी का आरोप लगाया गया। चार गुना अधिक राशि पर सोलर लाइट की खरीद की गई है। इन सभी और अन्य कई मुद्दों को लेकर जांच की मांग की गई है। नगर पालिका के ईओ सुभाष कुमार का कहना है कि मामले में जांच की गई है। जांच शासन को भेजी जा चुकी है। शासन स्तर से निर्णय लिया जाना है।